<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>19.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे</u>

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित नहीं होने पर गहरा दु:ख जताया।
- प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिलाओं की प्रगति और सशक्तिकरण में बाधा डालने का लगाया आरोप।
- प्रदेश में पेट्रोल व डीजल पर अधिकतम 5 रूपये तक सैस लगाने के विधेयक को लोकभवन से मिली मंजूरी।
- किन्नौर जिला में पशुधन को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए 16 मई तक संचालित किया टीकाकरण अभियान।
- लाहौल स्पिति के किरतिंग गांव के किसानों ने बाढ़ व भूस्खलन से क्षतिग्रस्त कूहल के शीघ्र सुधार की प्रशासन की मांग।

..............................................................................

पीएम –संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रहित सरकार के लिए सर्वोपरि है। कल राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे सभी माताओं और बहनों से क्षमा मांगते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों के लिए जब उनकी पार्टी ही सब कुछ बन जाती है, तो महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय हित दोनों को इसका नुकसान भुगतना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण समय की मांग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन समय की मांग है और यह उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम सहित सभी क्षेत्रों में संतुलित सशक्तिकरण सुनिश्चित करने का एक प्रयास था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य संसद में आनुपातिक प्रतिनिधित्व बढ़ाकर छोटे या बड़े प्रत्येक राज्य की आवाज को मजबूत करना था, लेकिन इस ईमानदार प्रयास को कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने विफल कर दिया।

...........................................................................

पीएम. 2

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यद्यपि विधेयक को पारित होने के लिए आवश्यक 66 प्रतिशत मत प्राप्त नहीं हुए, लेकिन देश की सभी महिलाओं का आशीर्वाद उनकी सरकार के साथ है।

प्रधानमंत्री ने देश की प्रत्येक महिला को आश्वस्त किया कि उनकी सरकार महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि जो दल महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, वे देश की महिलाओं की संसद और राज्य विधानसभाओं में बढ़ती भागीदारी को रोक नहीं पाएंगे।

...........................................................................

<u>मंत्रियों के समूह– पश्चिम एशिया</u>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में मंत्री समूह की एक बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति की समीक्षा की और भारत की तैयारियों का आकलन किया। बैठक के दौरान, रक्षा मंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अनिश्चित और अस्थिर है, इसलिए भारत को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा।

बैठक में बताया गया कि वैश्विक आपूर्ति चुनौतियों के बावजूद भारत के पास पर्याप्त ईंधन भंडार है। देश में वर्तमान में कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन का 60 दिनों से अधिक का भंडार है। एलएनजी का भंडार लगभग 50 दिनों तक चल सकता है, जबकि एलपीजी का भी भंडार लगभग 40 दिनों के लिए पर्याप्त है। बैठक में रक्षा मंत्री ने खाड़ी क्षेत्र सहित विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा पर भी जोर दिया। साथ ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से मिलकर काम करने और स्थिति से निपटने के लिए बेहतर उपाय करने की अपील की।

...........................................................................

<u>विधेयक–मंजूर</u>

प्रदेश में पेट्रोल और डीजल पर अधिकतम पांच रुपये तक सेस लगाने के विधेयक को लोकभवन से मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में विधि विभााग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके माध्यम से जुटाई जाने वाली धनराशि अनाथ और विधवा कल्याण निधि में जमा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि मार्च महीने में विधानसभा सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश मूल्य परिवर्धित कर संशोधन अधिनियम –2026 को पारित किया गया था। इसमें जरूरतमंद वर्गों विशेषकर विधवाओं विशेषकर अनाथ बच्चों के लिए प्रावधान किए गए हैं।

गंगोत्री–यमुनोत्री कपाट

अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित श्री गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट श्रद्धालुओं के लिए आज खुल जाएंगे। गंगोत्री में दोपहर सवा बारह बजे और यमुनोत्री में दोपहर बारह बजकर 35 मिनट पर कपाट खोले जाएंगे। इसके साथ ही राज्य में चार धाम यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हो जाएगा।

.............................................................................

एफ.एम.डी– टीकाकरण

किन्नौर जिला में पशुओं को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा 2 अप्रैल से 16 मई तक खुरपका–मुंहपका FMD टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अभियान का उद्देश्य पशुधन को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखना और पशुपालकों की आय को संरक्षित करना है। रिकांग पिओ, के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतीक कश्यप ने भेड़–बकरी पालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को पीपीआर की वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

.............................................................................

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन, मंत्री राजेश धर्माणी ने कल घुमारवीं के प्रसिद्ध चौहड़ दंगल के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहलवानों की सुविधा के लिए कमरा निर्माण व अन्य सुविधाओं के लिए 27 लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर निर्माण एजेंसी हिमुडा को हस्तांतरित कर दिया गया है। उन्होंने चौहड़ दंगल स्थल संपर्क सड़क के निर्माण कार्यों के लिए 20 लाख रूपये की राशि भी स्वीकृत करने की घोषणा की।

.............................................................................

मांग

लाहौल–स्पीति जिला की ग्राम पंचायत रनिका के किरतिंग गांव में खेतीबाड़ी पिछले तीन वर्षों से गंभीर संकट का सामना कर रही है। नाले में आई बाढ़ और बार–बार हो रहे भूस्खलन के कारण करीब 500 मीटर लंबा कूहल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण खेतों तक पानी पहुंचना ही बंद हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कूहल की शीघ्र मरम्मत कर इसके स्थायी समाधान की मांग की है ताकि किसानों को राहत मिल सके।

.............................................................................

टूर्नामेंट

लाहौल–स्पीति जिले के उदयपुर में स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह क्रिकेट मेमोरियल टूर्नामेंट कल से शुरू हुआ। विधायक अनुराधा राणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने का एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ़–चढ़कर भाग लेने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस प्रतियोगिता में लाहौल घाटी के विभिन्न क्षेत्रों से आये करीब 16 क्लब भाग ले रहे हैं।

……………………………………………………………………………

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर…..

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–सी. एम., मंत्रियों व विधायकों को इसी माह से कम वेतन। दैनिक जागरण के शब्द हैं–मुख्यमंत्री का 50, मंत्रियों का 30 व विधायकों का 20 प्रतिशत वेतन 6 माह के लिए स्थगित।

पंजाब केसरी की एक खबर है–हिमाचल में पैट्रोल–डीजल पर लगेगा अनाथ और विधवा उपकर–राज्यपाल ने दी सशोंधन विधयेक को मंजूरी।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं– बारिश के अलर्ट के बीच राज्य में खिली धूप, तामपान में 8 डिग्री तक उछाल।

……………………………………………………………………………

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित नहीं होने पर गहरा दुःख जताया।

- प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिलाओं की प्रगति और सशक्तिकरण में बाधा डालने का लगाया आरोप।

- प्रदेश में पेट्रोल व डीजल पर अधिकतम 5 रूपये तक सैस लगाने के विधेयक को लोकभवन से मिली मंजूरी।

- किन्नौर जिला में पशुधन को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए 16 मई तक संचालित किया टीकाकरण अभियान।

- लाहौल स्पिति के किरतिंग गांव के किसानों ने बाढ़ व भूस्खलन से क्षतिग्रस्त कूहल के शीघ्र सुधार की प्रशासन की मांग।

……………………………………………………………………………